INTRAVITREAL INJECTION FOR ENDOPHTHALMITIS

मुझे मेरी भाषा में समझा दिया गया है कि मेरी आँख में Antibiotic Drugs लगाए जायेंगे जिससे मेरी आँख में संक्रमण का इलाज व शेक हो जायेगा। मुझे बता दिया गया है कि मेरी दृष्टि वापस लौट भी सकती है और यह भी है कि दृष्टि नहीं लौटेगी। इंजेक्शन दुबारा लगाना पड़ सकता है और Vitrectomy शल्य चिकित्सा भी करनी पड़ सकती है।

इसकी जटिलताएँ (Complications) में पर्दे का खिसकना (Retinal Detachment), काला पानी (Glaucoma), खून का रिसाव होना (Vitreous Haemorrhage) है।

मुझे यह भी बता दिया गया है कि सारे प्रयत्नों के बावजूद मेरी आँख की दृष्टि बन्द होकर अंधापन आ सकता है।

मुझे मेरी आँख की स्थिति और उसका उपचार समझा दिया गया है। मेरे सारे प्रश्नों के उत्तर दे दिये गये हैं।

मैं मेरी दायीं/बायीं आँख में Intravitreal Injection लगाने की सहमती देता हूँ।

मैं (मरीज का नाम) .... अपनी सहमति दायीं/बायीं आँख का ऑपरेशन हेतु देता हूँ एवं सभी बातों को समझ कर व सभी नुकसान या पूर्ण रूप से रोशनी नहीं आने से सहमत हूँ।

मैंने यह सहमति-पत्र पूर्ण होश-हवास में पढ़/सुन लिया है तथा मैं इससे पूर्णतया सहमत हूँ। मैंने उपरोक्त सभी बातों/स्वयं की शंकाओं का समाधान संबंधित डॉक्टर से प्राप्त कर लिया है व इसके उपरान्त अपनी पूर्ण सहमति प्रस्तुत कर रहा हूँ।

मरीज के हस्ताक्षर

मरीज के रिश्तेदार/गवाह के हस्ताक्षर

संबंधित चिकित्सक के हस्ताक्षर
या चिकित्सालय की मुहर

VITRECTOMY
विट्रिएकटोमी

Vitrectomy Operation Vitreous तत्व को निकालने के लिये किया जाता है। आँख के भीतरी भाग में लैंस के पीछे व पर्दे के सामने एक तत्त्व होता है जिसे Vitreous कहते हैं। यह पारदर्शी होता है। Diabetes व आँख की नस का बन्द होना (Central Retinal vein Occlusion or Branchvein Occlusion) इन बिमारियों में इस तत्त्व में खून भर जाता है (Vitreous Heamorrhage) जिसे विट्रिएकटोमी ऑपरेशन द्वारा साफ किया जाता है। कई परिस्थियों ऐसी होती है जिसमें यह तत्त्व पर्दे से चिपक कर उसमें खिचाव कर पर्दे को उखाड़ देता है (Tractional Retinal Detachment) यह तत्त्व पर्दे पर खिचाव कर पर्दे में छेद कर पर्दे को उखाड़ देता है (Rhegmatogenous Retinal Detachment) इन सब बीमारियों में आँख के काँच (कोरनिया) के पीछे सूई के आकार के यंत्र को आँख में डालकर Vitreous को काटकर उसे निकाला जाता है। उसकी जगह तरल पदार्थ आँख में छोड़ा जाता है।

Vitrectumy OP पर्दे के सामने खून व Vitreous में खून की सफाई के लिए किया जाता है। यह ऑपरेशन पर्दे पर खिचाव को भी हटाने के लिये किया जाता है। इस ऑपरेशन के बाद करीब 2-3 हफ्ते खीन का रिसाव रहता है जो धीरे-धीरे ठीक हो जाता है। ऑपरेशन के बाद नजर की कम वापसी के दो मुख्य कारण है सूक्ष्म पर्दे का कमजोर होना है व आँख की नस (Optic Nerve) का कमजोर होना है। यह ऑपरेशन दुबारा भी करना पड़ सकता है यदि खून का रिसाव दुबारा से हो जाए या पर्दे पर खिचाव से पर्दा उखड़ जाए।

Complications जटिलताएँ –

- इस ऑपरेशन के बाद आँख में मोतिया (Cataract) जल्दी आा सकता है।
- एक ऑपरेशन से सफलता नहीं मिलने पर दुबारा ऑपरेशन करना पड़ता है।
- जैसे हर ऑपरेशन में होता है इस ऑपरेशन में भी संक्रमण हो सकता है परन्तु इसकी मात्रा बहुत कम है।